

प्लैनेट न्यूज़ इंडिया
हर खबर सच के साथ
RNI No.- UPHIN/25/A4228
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

# हुगली में नौका विहार करते दिखे PM मोदी, बोले हर बंगाली के मन में गंगा की खास जगह

Narendra Modi इन दिनों पश्चिम बंगाल दौरे पर हैं। कोलकाता में रोड शो के बाद शुक्रवार सुबह उन्होंने हुगली नदी में नौका विहार किया और तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कीं। पीएम ने लिखा कि हर बंगाली के मन में गंगा की खास जगह है और यह नदी बंगाल की आत्मा में बहती है। नौका विहार के दौरान प्रधानमंत्री ने फोटोग्राफी भी की और Vidyasagar Setu व Howrah Bridge को अपने कैमरे में कैद किया।



उन्होंने हुगली तट पर नाविकों और सुबह की सैर पर निकले लोगों से मुलाकात भी की। पीएम मोदी ने कहा कि यह मां गंगा के प्रति आभार व्यक्त करने का अवसर था और पश्चिम बंगाल के विकास के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता दोहराई गई। इससे पहले उन्होंने हावड़ा से कोलकाता तक भव्य रोड शो भी किया, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

## अलीगढ़: एएमयू को DRDO से 72.68 लाख का रिसर्च प्रोजेक्ट



Aligarh Muslim University को रक्षा अनुसंधान के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि मिली है। भारत सरकार के Defence Research and Development Organisation (डीआरडीओ) के एरोनॉटिक्स रिसर्च एंड डेवलपमेंट बोर्ड ने विश्वविद्यालय को 72.68 लाख रुपये का शोध प्रोजेक्ट प्रदान किया है। यह प्रोजेक्ट उन्नत कंपोजिट सैंडविच संरचनाओं पर आधारित है। इससे पहले डीआरडीओ द्वारा वित्तपोषित 35.5 लाख रुपये का एक अध्ययन सफलतापूर्वक पूरा किया गया था, जिसके सकारात्मक परिणामों के आधार पर विशेषज्ञ समिति ने आगे के शोध की सिफारिश की। पूर्व अध्ययन में हनीकॉम्ब कोर सैंडविच संरचनाओं में थकान (फटीग) व्यवहार का विश्लेषण किया गया था। यह शोध जेडएचसीईटी के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के डॉ. अजहर जमील (प्रधान अन्वेषक) और डॉ. एसएम याहिया (सह-अन्वेषक) के निर्देशन में पूरा हुआ था।

अब "जीएफआरपी स्किन के साथ पीवीसी और सिंटैक्टिक फोम कोर सैंडविच संरचनाओं का फ्रैक्चर कैरेक्टराइजेशन" शीर्षक से नया प्रोजेक्ट स्वीकृत किया गया है। इस प्रोजेक्ट का नेतृत्व डॉ. अजहर जमील करेंगे, जबकि डॉ. यासिर रफत सह-प्रधान अन्वेषक होंगे। यह शोध एयरोस्पेस और रक्षा प्रणालियों में उपयोग होने वाली अगली पीढ़ी की कंपोजिट सामग्री के फ्रैक्चर व्यवहार को समझने पर केंद्रित होगा, जिससे देश की रक्षा तकनीक को मजबूती मिलेगी।

## अलीगढ़ के बन्नादेवी थाना

### क्षेत्र के रसलगंज में ओयो की आड़ में देह व्यापार का भंडाफोड़, सात गिरफ्तार




Aligarh के थाना बन्नादेवी क्षेत्र के रसलगंज इलाके में बृहस्पतिवार को पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक मकान में चल रहे कथित देह व्यापार के धंधे का भंडाफोड़ किया। आरोप है कि मकान को ओयो होटल की तरह इस्तेमाल कर ग्राहकों को बुलाया जाता था और अवैध गतिविधियां संचालित की जा रही थीं। सूचना मिलने पर Uttar Pradesh Police की टीम ने सीओ बन्नादेवी धनंजय सिंह के निर्देशन में छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान कमरे से युवक-युवतियां आपत्तिजनक स्थिति में मिले, जिन्हें मौके पर ही हिरासत में ले लिया गया। पुलिस ने वहां से तीन महिलाओं, तीन पुरुषों और कथित होटल संचालक समेत कुल सात लोगों को गिरफ्तार किया। एसपी सिटी आदित्य बंसल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में रसलगंज निवासी सत्येंद्र कुमार (कथित संचालक), नवनीत निवासी देहली गेट, संतोष और विनय निवासी हाथरस गेट शामिल हैं। पूछताछ में सामने आया कि पकड़ी गई युवतियां मुरादाबाद, एटा और हाथरस की रहने वाली हैं और उन्हें यहां बुलाया गया था। पुलिस ने मौके से आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद की है। प्रारंभिक जांच में यह भी पता चला है कि मकान को अस्थायी होटल के रूप में संचालित कर ग्राहकों को ठहराया जाता था और वहीं देह व्यापार कराया जाता था। फिलहाल सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और पूरे नेटवर्क की कड़ियों को खंगालने के लिए गहन जांच जारी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में अवैध गतिविधियों के खिलाफ अभियान आगे भी सख्ती से चलाया जाएगा।



## यूपी बोर्ड: पांच साल में घटी छात्र संख्या, लेकिन बढ़े टॉपर्स के अंक



Uttar Pradesh Madhyamik Shiksha Parishad (यूपी बोर्ड) के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के पिछले पांच वर्षों के परिणामों का विश्लेषण एक महत्वपूर्ण रुझान सामने लाता है। जहां एक ओर पंजीकृत विद्यार्थियों की संख्या में धीरे-धीरे गिरावट देखी गई है, वहीं दूसरी ओर मेधावी छात्रों के अंकों में निरंतर बढ़ोतरी ने शिक्षा के स्तर और प्रतिस्पर्धा को नई दिशा दी है। वर्ष 2025-26 में हाईस्कूल में 51,521 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया, जबकि 2023-24 में यह संख्या 53,610 थी। इसी तरह इंटरमीडिएट में 2021-22 के 55,796 पंजीकरण घटकर 2025-26 में 50,035 रह गए। यह आंकड़े दर्शाते हैं कि छात्र संख्या में कमी आई है, लेकिन परिणामों की गुणवत्ता में सुधार हुआ है। इस वर्ष हाईस्कूल के जिला टॉपर आयुष वार्ष्णेय ने 95.67 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, जबकि इंटरमीडिएट में गगन शर्मा ने 93.20 प्रतिशत अंक हासिल किए। वर्ष 2024-25 में हाईस्कूल टॉपर को 95.17 प्रतिशत और इंटर टॉपर को 90.20 प्रतिशत अंक मिले थे। साफ है कि इस बार टॉपर्स ने पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है।

उत्तीर्ण विद्यार्थियों की संख्या में भी उतार-चढ़ाव रहा। हाईस्कूल में 2025-26 में 43,003 विद्यार्थी पास हुए, जबकि 2023-24 में यह संख्या 47,656 थी। इंटरमीडिएट में 2025-26 में 37,299 छात्र सफल हुए, जो 2021-22 के 31,464 की तुलना में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्शाता है, हालांकि बीच के वर्षों में कमी-बढ़ोतरी का क्रम बना रहा। कुल मिलाकर, आंकड़े बताते हैं कि भले ही पंजीकरण संख्या में गिरावट आई हो, लेकिन छात्रों का प्रदर्शन बेहतर हुआ है। टॉपर्स के बढ़ते अंक इस बात का संकेत हैं कि प्रतिस्पर्धा का स्तर ऊंचा हुआ है और विद्यार्थी अधिक गंभीरता से तैयारी कर रहे हैं। यह प्रवृत्ति शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार और बेहतर शैक्षणिक वातावरण की ओर इशारा करती है।

# Aaj Ka Rashifal 24 April

## इन राशियों के बनेंगे बिगड़े काम और चमक उठेगी किस्मत



24 April Ka Rashifal: आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 24 अप्रैल 2026 का राशिफल।24 अप्रैल को वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि है। अष्टमी तिथि पर कई तरह के शुभ योगों का निर्माण होगा जिससे कई राशि वालों को भाग्य का भरपूर साथ मिलेगा। आय में इजाफा और आर्थिक स्थिति में सुधार का दिन होगा। वहीं कुछ राशि वालों को बिजनेस में अच्छी सफलता हासिल होगी और कोई नई डील हासिल हो सकती है।



### मेष

आज का दिन थोड़ा उतार-चढ़ाव भरा है, लेकिन संभाल लिया तो फायदा आपका ही होगा। काम का दबाव आपको थका सकता है, फिर भी आप जिम्मेदारी निभाते हुए अपने टारगेट पूरे करने में लगे रहेंगे। कोर्ट-कचहरी के मामलों में रुकावट आ सकती है। किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह लेना बेहतर रहेगा। खर्चे बढ़ेंगे, लेकिन अच्छी बात ये है कि आप सेविंग पर भी ध्यान देंगे। आज आर्थिक मामलों में जरा सी लापरवाही भारी पड़ सकती है, इसलिए हर फैसला सोच-समझकर लें।



### वृषभ

आज का दिन धैर्य और समझदारी का है। अपने कामों पर पूरा फोकस रखें और जल्दबाजी से बचें। आपकी मीठी वाणी ही आपको मान-सम्मान दिलाएगी। हालांकि, परिवार में चल रही खटपट आपका मूड थोड़ा खराब कर सकती है। नई जगह जाने या बड़े फैसले लेने से बचें। दिन का एक अच्छा हिस्सा स्वादिष्ट भोजन और सुकून भरे पलों में बीतेगा।



### मिथुन

आज का दिन नई उम्मीदों के साथ आगे बढ़ने का है। कुछ चुनौतियां जरूर आएंगी, लेकिन आप अपनी समझदारी से उन्हें पार कर लेंगे। विद्यार्थी कुछ नया सीखने या करने के लिए उत्साहित रहेंगे। पुरानी गलतियों से सीख लेना आपको आगे बढ़ाएगा। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी और परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। नया काम शुरू करने का विचार आएगा, लेकिन जल्दबाजी से बचना ही बेहतर है।



### कर्क

आज नौकरीपेशा लोगों के लिए शानदार दिन है। आत्मविश्वास मजबूत रहेगा और बॉस के साथ आपके संबंध बेहतर होंगे। प्रमोशन की खुशखबरी मिल सकती है। मामा पक्ष से धन लाभ के योग बन रहे हैं। लेकिन किसी निवेश को लेकर ज्यादा उत्साहित न हों। किसी के कहने पर पैसा लगाना नुकसान दे सकता है। सोच-समझकर ही कदम बढ़ाएं।



### सिंह

आज का दिन आपके लिए नए अवसर लेकर आया है। कामकाज में सफलता मिलेगी और नई कोशिशें रंग लाएंगी। अविवाहित लोगों के जीवन में प्यार की एंट्री हो सकती है। लेकिन किसी भी काम में जल्दबाजी करने से बचें। दूर के किसी रिश्तेदार से थोड़ी निराशाजनक खबर मिल सकती है। मामा पक्ष से धन लाभ संभव है। प्रेम जीवन में तालमेल बनाकर चलेंगे तो रिश्ते मजबूत होंगे।



### कन्या

आज आप मस्ती के मूड में रहेंगे, लेकिन ध्यान रखें। काम में लापरवाही नुकसान दे सकती है। फोकस बनाए रखना जरूरी है, तभी काम सही समय पर पूरे होंगे। किसी अजनबी की बातों में आकर फैसला लेने से बचें। अच्छी बात ये है कि कोई रुका हुआ सरकारी काम आज पूरा हो सकता है। विद्यार्थी अपने भविष्य को लेकर कोई बड़ा कदम उठा सकते हैं।



### तुला

आज उन्नति के रास्ते खुल रहे हैं। जीवनसाथी की ओर से कोई सरप्राइज आपको खुश कर देगा। लेकिन वाहन चलाते समय सावधानी रखें। खासकर किसी से मांगकर वाहन चलाने से बचें। शौक और आराम की चीजों पर खर्च बढ़ेगा। परिवार में विवाह से जुड़ी खुशखबरी माहौल को खुशनुमा बना देगी। घूमने-फिरने का प्लान भी बन सकता है।



### वृश्चिक

आज का दिन खुशी और समाधान लेकर आया है। कार्यक्षेत्र में किसी जटिल काम को सुलझाने के लिए आपको अपने जूनियर्स की मदद लेनी पड़ेगी और सफलता भी मिलेगी। संतान की संगति पर ध्यान देना जरूरी है। खर्चों में कटौती करके आप अपनी सेविंग मजबूत कर सकते हैं। लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा होने से मन को राहत मिलेगी।



### धनु

आज नई जिम्मेदारियां आपका इंतजार कर रही हैं। परिवार में एकता बनी रहेगी, लेकिन भागदौड़ आपको थोड़ा थका सकती है। धीरे-धीरे तनाव कम होगा और आप खुद को बेहतर महसूस करेंगे। खर्चे बढ़ सकते हैं, लेकिन ऊर्जा भी भरपूर रहेगी। जीवनसाथी का साथ आपको मजबूती देगा और पिताजी की सलाह आपके लिए मार्गदर्शक साबित होगी।



### मकर

आज का दिन सोच-समझकर कदम उठाने का है। कानूनी मामलों में थोड़ी परेशानी आ सकती है, लेकिन धैर्य बनाए रखें। विद्यार्थियों को शिक्षकों का पूरा सहयोग मिलेगा, जिससे कठिन विषय भी आसान लगेंगे। किसी भी निर्णय में दिल से ज्यादा दिमाग का इस्तेमाल करें। भावनाओं में आकर लिया गया फैसला गलत साबित हो सकता है।



### कुंभ

आज आपका आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता दोनों चरम पर रहेंगे। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारी या पद मिल सकता है। जीवनसाथी के साथ मिलकर कोई प्रॉपर्टी डील फाइनल कर सकते हैं। लेकिन अजनबियों पर भरोसा करने से बचें। मन की कोई बड़ी इच्छा पूरी हो सकती है। आपकी तरक्की में आ रही बाधाएं दूर होंगी। बस सरकारी कामों में लापरवाही न करें।



### मीन

आज आपको संतुलन बनाकर चलने की जरूरत है। आय तो अच्छी होगी, लेकिन खर्च भी तेजी से बढ़ सकते हैं। पिताजी की सेहत पर विशेष ध्यान दें, उनकी लापरवाही आपको चिंता दे सकती है। विरोधियों की बातों में आने से बचें। समझदारी और धैर्य से काम लेंगे तो दिन आपके पक्ष में रहेगा और परेशानियां धीरे-धीरे दूर होंगी।

# UP: प्रचंड गर्मी की चपेट में प्रदेश,

## 25 अप्रैल तक लगातार बढ़ता रहेगा तापमान; इन जिलों में आज चलेगी जानलेवा लू



यूपी में मौसम लगातार गर्म बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार 25 अप्रैल तक लू से किसी प्रकार की राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी और तपिश का प्रकोप लगातार जारी है। बुधवार को बुंदेलखंड इलाके के साथ ही कई अन्य जिले गर्म हवा और लू के थपेड़ों की चपेट में रहे। बांदा प्रदेश में सर्वाधिक गर्म रहा और देश में तीसरे नंबर पर रहा। मौसम विभाग का कहना है कि 25 अप्रैल तक पूरे प्रदेश में तापमान में बढ़ोतरी दर्ज होगी और लू से प्रभावित क्षेत्रों का दायरा बढेगा। फिलहाल अगले दो दिनों तक इस प्रचंड गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। बृहस्पतिवार के लिए यूपी के 22 जिलों में लू की चेतावनी जारी किया गया है। बुधवार को बांदा में अधिकतम तापमान 43.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। वहीं वहीं 43.7 डिग्री के साथ प्रयागराज प्रदेश में दूसरे नंबर पर रहा। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि 26 अप्रैल से एक नए विक्षोभ के सक्रिय होने से प्रदेश भर में बादलों की सक्रियता बढ़ेगी और पश्चिमी यूपी, तराई आदि में बूंदाबांदी से पारे में गिरावट के संकेत हैं।बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, गाजीपुर आजमगढ़, मऊ, बलिया, हरदोई, फर्रुखाबाद, कन्नोज, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी व आस पास के क्षेत्र। राजधानी में बुधवार को भी लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ा। झुलसा देने वाली धूप के साथ दिन में पछुआ हवाओं ने आग में घी का काम किया। अधिकतम तापमान में भी बढ़त दर्ज की गई।

# Delhi:बदमाशों ने तड़के एक युवक को गोली मारी,

## मौके से तीन खोके मिले, हमलावरों की तलाश में पुलिस




करोलबाग में शुक्रवार तड़के रोहित नामक युवक को गोली मारकर घायल कर दिया गया। उसे लेडी हार्डिंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस हमलावरों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।दिल्ली के करोलबाग इलाके में शुक्रवार तड़के बदमाशों ने एक युवक को गोली मारकर घायल कर दिया। घायल युवक को तुरंत पास के लेडी हार्डिंग अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां वह बयान देने की हालत में नहीं है। घायल युवक की पहचान थान सिंह नगर आनंद पर्वत निवासी रोहित के रूप में हुई है। मध्य जिला पुलिस उपायुक्त रोहित राजवीर सिंह ने बताया कि 3.55 बजे लेडी हार्डिंग अस्पताल से एक युवक को गोली लगने के बाद भर्ती किए जाने की जानकारी मिली थी। छानबीन में पता चला कि फैज रोड के कालका दास चौक पर अज्ञात हमलावरों ने रोहित पर गोलीबारी की है। पुलिस ने क्राइम और फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया। टीम ने मौके से तीन खोखे समेत कई साक्ष्य हासिल किए हैं। पुलिस आसपास के इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों के जरिए हमलावरों की पहचान करने में जुटी है।

# क्यों काजोल ने तोड़ा अपना नियम



बॉलीवुड की जानी-मानी एक्ट्रेस काजोल ने हाल ही में एक ऐसा खुलासा किया है, जिसने फैंस को चौंका दिया। करीब 30 साल तक ऑन-स्क्रीन किसिंग सीन से दूरी बनाए रखने वाली काजोल ने आखिरकार अपना ये नियम तोड़ दिया, और वो भी अपनी वेब सीरीज 'द ट्रायल: प्यार, कानून, धोखा' के लिए।एक पॉडकास्ट में बात करते हुए काजोल ने बताया कि ये फैसला आसान नहीं था। उन्होंने कहा कि ये सिर्फ एक किस सीन नहीं था, बल्कि उनके किरदार की कहानी का अहम हिस्सा था। अगर वो इस सीन को हटा देतीं, तो किरदार अधूरा लगने लगता। उनके मुताबिक, उस सीन के जरिए उनके किरदार की भावनाएं, सोच और संघर्ष दिखाना जरूरी था।काजोल ने खुलकर माना कि वो इस सीन को लेकर काफी असहज थीं। शूटिंग के आखिरी पल तक उन्हें यकीन नहीं था कि वो ये सीन करेंगी या नहीं। कहा कि उन्हें ये आइडिया थ्योरी में ठीक लगा, असल में करना मुश्किल था। फिर भी आखिर में उन्होंने इसे एक प्रोफेशनल फैसला मानकर किया।काजोल का कहना है कि एक एक्टर के तौर पर कभी-कभी ऐसे फैसले लेने पड़ते हैं जो आसान नहीं होते, लेकिन कहानी और किरदार के लिए जरूरी होते हैं। वेब सीरीज में काजोल ने नोयोनिका नाम की एक महिला का किरदार निभाया है, जो अपने पति के स्कैंडल के बाद फिर से वकालत की दुनिया में लौटती है।

# धुरंधर 2' के रिजवान ने बताया आगे का प्लान



'धुरंधर 2' फिल्म ने रिलीज होते ही बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था। अब फिल्म के किरदारों को भी लोगों से खूब प्यार मिल रहा है। मुस्तफा अहमद ने 'धुरंधर 2' में रिजवान का किरदार निभाया था। अब उन्होंने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक स्टोरी शेयर की, जो चर्चाओं में आ गई है। 'धुरंधर 2' में दिखाया गया है कि हमजा के 'किंग ऑफ लियारी' बनने के बाद रिजवान उसका सबसे भरोसेमंद साथी बन जाता है। लेकिन जब हमजा की पहचान खुल जाती है, तो उसे भारत वापस लौटना पड़ता है और रिजवान अकेला रह जाता है। इसके बाद से फैंस के बीच ये सवाल बना हुआ है कि अब रिजवान क्या करेगा, जब उसका साथी उसके साथ नहीं है।इंस्टाग्राम पर एक 'आस्क मी एनीथिंग' सेशन में मुस्तफा ने इस पर बात करते हुए कहा, 'मुझे लगता है कि रिजवान वहीं से आगे बढ़ेगा, जहां हमजा ने छोड़ा था। उसकी असली पहचान किसी को नहीं पता है और वो पहले से ही एक मजबूत स्थिति में है। वो आसानी से बाकी बचे लोगों को खत्म करते हुए आगे बढ़ सकता है। उसमें ये करने की पूरी ताकत है। फैंस के बीच ये भी चर्चा रही है कि रिजवान, जमील जमाली (जिसका किरदार राकेश बेदी ने निभाया है) के साथ मिलकर काम कर सकता है। जमील भी पाकिस्तानकीराजनीति में छुपा हुआ एक भारतीय एजेंट है।इस पर मुस्तफा ने मजाकिया अंदाज में हामी भरते हुए कहा, 'बिल्कुल। मैं और जमील साहब मिलकर पाकिस्तानसंभालसकते हैं। और सच कहूं तो वहां के नेताओं से बेहतर ही चलाएंगे, उनके ही भले के लिए।' 'धुरंधर 2'19 मार्चकोरिलीज हुईथी। अभीभ थिएटर्स में लगी हुई है। इसने अब तकभारतमेंटोटलनेट1 122.49करोड़रुपका कलेक्शनकर लिया है।

# किआरा से कृति सेनन तक इवेंट में पहुंचीं बी-टाउन की हसीनाएं



फिल्मी हस्तियों के लुक और फैशन सेंस पर फैंस की पैनी नजर रहती है। खासकर एक्ट्रेस अगर किसी पार्टी या इवेंट में शिरकत करें तो उनके लुक तुरंत सोशल मीडिया पर वायरल हो जाते हैं। ऐसा ही कुछ बीती रात देखने को मिला। एक इवेंट में बी-टाउन की कई चर्चित हसीनाएं खूबसूरत अंदाज में पहुंचीं। अभिनेत्री कृति सेनन ने थाई-हाई स्लिट गाउन में इवेंट में शिरकत की। ब्लैक कलर की ड्रेस में वे बेहद ग्लैमरस लगीं। कृति ने पैपराजी को दिलकश पोज दिए।अभिनेत्री किआरा आडवाणी ने इवेंट में अपने स्टनिंग लुक से चार चांद लगा दिए। वे ऑफ शोल्डर टॉप और स्कर्ट पहने दिखीं। उन्होंने कई लेयर नेकलेस के साथ अपना लुक कंपलीट किया। फैंस किआरा की फिटनेस और कर्वी फिगर की तारीफ कर रहे हैं। अभिनेत्री तमन्ना भाटिया अपने लुक और खूबसूरती को लेकर अक्सर सुर्खियां बटोरती हैं। वे भी इस इवेंट में पहुंचीं। उन्होंने ब्लू चेक प्रिंट ड्रेस में शिरकत की। फैंस जहां हर बार की तरह उनकी तारीफ कर रहे हैं। वहीं, कुछ यूजर्स मजाकिया अंदाज में पूछ रहे हैं, 'ड्रेस लुंगी में से बनवाई है क्या'? कुछ यूजर्स लिख रहे हैं, 'ऐसा लग रहा है कि बंगाली लुंगी पहन ली हो'।इसी इवेंट में चित्रांगदा सिंह गोल्डन रेड गाउन में पहुंचीं। वहीं, आरजे महवश ने ऑफ शोल्डर ब्लैक ड्रेस में अपने लुक से चार चांद जड़ गए। इसके अलावा नेहा शर्मा गोल्डन ड्रेस में बेहद खूबसूरत लगीं।

# महेश बाबू और प्रियंका चोपड़ा की 'वाराणसी



फिल्म 'वाराणसी' में मुख्य भूमिकाओं में महेश बाबू, प्रियंका चोपड़ा जोनस और पृथ्वीराज सुकुमारन हैं। फिल्म अगले साल यानी 2027 में रिलीज होने वाली है। फिल्म की रिलीज से पहले निर्माताओं ने 'वाराणसी' की खास झलक दिखाने का वादा किया है। जानिए किस जगह और कब दिखाई जाएगी 'वाराणसी' की झलक। इससे पहले 'वाराणसी' की झलक ले ग्रैंड रेक्स के ट्रेलर फेस्टिवल में दिखाई गई थी।फिल्म 'Varanasi' की एक खास झलक Comic Con Mexico 2026 में दिखाई जाएगी। 24 अप्रैल 2026 को Thunder Stage पर एक विशेष पैनल में फिल्म का कुछ हिस्सा दिखाया जाएगा। इस इवेंट में फिल्म के निर्माता एस.एस. कार्तिकेय 'Varanasi to the World' नाम का एक खास सेगमेंट पेश करेंगे।इसमें दर्शकों को फिल्म की अनोखी झलक दिखाई जाएगी। साथ ही एस.एस. राजामौली का एक खास वीडियो मैसेज भी दिखाया जाएगा। फिल्म के सेट के पीछे के कुछ ऐसे फुटेज भी दिखाए जाएंगी, जो पहले कभी सार्वजनिक नहीं किए गए हैं। फैंस के साथ लाइव बातचीत भी होगी, जिसमें लोग फिल्म के बारे में सीधे सवाल पूछ सकेंगे।



पहले भी फिल्म 'वाराणसी' की खास झलक फ्रांस के प्रसिद्ध थिएटर Le Grand Rex में Trailer Festival में दिखाई गई थी, जहां दर्शकों ने बहुत जोरदार तालियां और सीटियां बजाकर इसका स्वागत किया था।

# भूत बंगला' और 'डकैत' की सबसे कम कमाई




'धुरंधर 2' को रिलीज हुए 36 दिन हो गए हैं। फिल्म 19 मार्च को रिलीज हुई थी। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर आते ही तबाही मचा दी। इसके बाद अदिवि शेष और मृणाल ठाकुर की 'डकैत' रिलीज हुई, जो 'धुरंधर द रिवेंज' के सामने दब के रह गई। अब हाल ही में अक्षय कुमार की फिल्म 'भूत बंगला' रिलीज हुई है। आइए जानते हैं बॉक्स ऑफिस पर ये फिल्में कितनी कमाई कर रही हैं। 'भूत बंगला' 17 अप्रैल को रिलीज हुई थी। फिल्म ने पहले दिन 12.25 करोड़ रुपये कमाए थे। वीकएंड पर शानदार प्रदर्शन करने के बाद इसकी कमाई में हर दिन गिरावट देखने को मिली। फिल्म ने गुरुवार को 7 वें दिन 5.15 करोड़ का कलेक्शन किया, जो बीते 7 दिनों में सबसे कम है। इसके साथ फिल्म ने इंडिया में नेट 84.05 करोड़ की कमाई कर ली है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इसे करीब 120 करोड़ रुपये लागत से बनाया गया है।मृणाल ठाकुर और अदिवि शेष अभिनीत एक्शन रोमांटिक फिल्म 'डकैत' भी थिएटर्स में लगी है। फिल्म 'धुरंधर 2' और 'भूत बंगला' के सामने टिक नहीं पा रही है। फिल्म की करोड़ों से शुरू हुई कमाई, अब लाखों में सिमट कर रह गई है। फिल्म ने गुरुवार को 14वें दिन केवल 34 लाख की कमाई की, जो अबतक की इसकी सबसे कम कमाई रही। फिल्म का टोटल नेट कलेक्शन 33.96 करोड़ रुपये ही पहुंचा है।

# ईरान युद्धः

## भारत को यूरिया के लिए चुकानी पड़ रही दोगुनी कीमत सरकार ने रिकॉर्ड 25 लाख टन आयात का दिया ऑर्डर



पश्चिम एशिया में तनाव के चलते भारत की ऊर्जा के बाद अब उर्वरक आपूर्ति भी प्रभावित हुई है, जिससे सरकार ने एक ही टेंडर में रिकॉर्ड स्तर पर यूरिया आयात का फैसला किया है, जो पिछले सौदे की तुलना में लगभग दोगुने दाम पर है। पढ़िए रिपोर्ट- पश्चिम एशिया में जारी जंग का असर भारत की तेल और गैस के बाद अब उर्वरक जरूरतों पर भी साफ दिखने लगा है। यही वजह है कि सरकार ने पहली बार एक ही टेंडर में रिकॉर्ड 25 लाख टन यूरिया के आयात का ऑर्डर दिया है। बड़ी बात यह है कि इस बार आयात दो महीने पहले चुकाई गई कीमत से दोगुने दाम पर किया जा रहा है। यूरिया की यह रिकॉर्ड खरीदारी भारत के सालाना आयात का लगभग एक चौथाई हिस्सा है। माना जा रहा है कि इस बड़े ऑर्डर से वैश्विक बाजार में आपूर्ति और भी मुश्किल हो जाएगी, जिससे कीमतें बढ़ने का भी जोखिम है। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि महंगे आयात से घरेलू बाजार में भी यूरिया के दाम बढ़ सकते हैं,

**इंडियन पोटाश ने दोगुने दाम पर खरीद की जताई सहमति**

सूत्रों ने बताया, इंडियन पोटाश लि. ने पश्चिमी तट पर डिलीवरी के लिए 935 डॉलर प्रति टन की दर से 15 लाख टन यूरिया खरीदने पर सहमति जताई है। साथ ही, पूर्वी तट पर डिलीवरी के लिए 959 डॉलर प्रति टन की दर से अतिरिक्त 10 लाख टन यूरिया खरीदने का फैसला किया है। अगर तुलना करें, तो इससे पहले हुए टेंडर में कीमतें काफी कम थीं। उस समय पश्चिमी तट के लिए करीब 508 डॉलर और पूर्वी तट के लिए 512 डॉलर प्रति टन की दर से यूरिया खरीदा गया था। यानी सिर्फ दो महीने में कीमत करीब दोगुनी हो गई है।इंडियन पोटाश लि. को टेंडर में 56 लाख टन यूरिया आपूर्ति के प्रस्ताव मिले थे, जिसमें से सिर्फ एक छोटा हिस्सा 935 डॉलर प्रति टन की दर पर था। अधिकांश बोलियां 1,000 डॉलर प्रति टन के आसपास थी और कुछ तो 1,136 डॉलर प्रति टन तक पहुंच गई थीं।

# Gold-Silver Price

## सर्राफा बाजार में बड़ी गिरावट; चांदी 5700 रुपये टूटी, सोने के भाव में भारी नरमी



सर्राफा बाजार में शुक्रवार को बड़ी गिरावट दिखी। दिल्ली में चांदी 5,700 रुपये फिसल गई और सोने के भाव 1,600 रुपये कमजोर पड़े हैं। सोने-चांदी के ताजा भाव, वैश्विक बाजार का असर और विशेषज्ञों की राय जानने के लिए पढ़ें खबर। घरेलू बाजार में कमजोर मांग के बीच शुक्रवार को सर्राफा बाजार में बड़ी गिरावट देखने को मिली है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में चांदी की कीमतों में 5,700 रुपये की भारी गिरावट आई, जबकि सोने के भाव भी 1,600 रुपये तक लुढ़क गए। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं और घरेलू बाजार में सुस्त मांग ने कीमती धातुओं की चाल को काफी हद तक धीमा कर दिया है। ऑल इंडिया सर्राफा एसोसिएशन की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, शुक्रवार को चांदी (सफेद धातु) 2.2 प्रतिशत यानी 5,700 रुपये टूटकर 2,53,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर आ गई। इन कीमतों में सभी कर शामिल हैं। दूसरी ओर, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने के भाव में भी 1.01 प्रतिशत यानी 1,600 रुपये की कमी दर्ज की गई, जिसके बाद यह 1,56,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर आ गया। घरेलू बाजार के विपरीत, अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी में तेजी दिखी, जबकि सोना दबाव में रहा। विदेशी बाजारों में स्पॉट गोल्ड मामूली गिरावट के साथ 4,786.90 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जबकि चांदी 1.12 प्रतिशत की बढ़त के साथ 79.28 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई। जो बुलिश ट्रैक्शन की कमी को दर्शाता है। मजबूत अमेरिकी डॉलर और स्थिर ट्रेजरी बॉन्ड यील्ड के कारण भी सोने पर दबाव बना हुआ है। इसके अतिरिक्त, होर्मुज जलडमरूमध्य की स्थिति को लेकर अनिश्चितता के कारण बाजार सतर्क बना हुआ है

# Customer Data Safety:

## बैंकों के साथ वित्त मंत्री की अहम बैठक एआई से जुड़े खतरों पर सतर्क रहने का दिया निर्देश



**Customer Data Safety:** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बैंकों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की और एआई से जुड़े नए साइबर खतरों को देखते हुए उन्हें अपनी आईटी प्रणाली, ग्राहक डाटा और वित्तीय सुरक्षा को मजबूत करने के निर्देश दिए। पढ़िए रिपोर्ट-केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को उभरते आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से जुड़े खतरों को लेकर बैंकों और संबंधित पक्षों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक की। इस बैठक में इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव भी शामिल हुए। बैठक में इस बात पर चर्चा हुई कि नए एआई मॉडल सॉफ्टवेयर की कमजोरियों का गलत इस्तेमाल कर सकते हैं। सीतारमण ने सभी बैंकों से अपनी आईटी प्रणाली को सुरक्षित करने, ग्राहकों के डाटा की रक्षा करने और वित्तीय संसाधनों की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक पूर्व-निवारक कदम उठाने का आग्रह किया। वित्त मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, बैठक के दौरान केंद्रीय वित्त मंत्री ने अब तक साइबर सुरक्षा प्रणालियों और प्रोटोकॉल को मजबूत करने में बैंकों की ओर से किए गए कार्य की सराहना की। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि नए एआई मॉडल से उत्पन्न हो रहा खतरा अभूतपूर्व है और इसके लिए बहुत उच्च स्तर की सतर्कता, तैयारी और वित्तीय संस्थानों तथा बैंकों के बीच बेहतर तालमेल की जरूरत है।इस बैठक में वित्तीय सेवा विभाग साझा किया।

**वित्त मंत्री ने इंडियन बैंक्स एसोसिएशन को क्या सलाह दी?**

वित्त मंत्री ने इंडियन बैंक्स एसोसिएशन को सलाह दी कि ऐसे खतरों का तेजी और प्रभावी तरीके से जवाब देने के लिए एक मिलकर काम करने वाला तंत्र विकसित किया जाए। उन्होंने बैंकों को यह भी निर्देश दिया कि वे सर्वश्रेष्ठ उपलब्ध साइबर सुरक्षा पेशेवरों और विशेष एजेंसियों को शामिल करें, ताकि बैंकों की रक्षा और निगरानी क्षमताओं को लगातार मजबूत किया जा सके। बैंकों को आगे यह सलाह दी गई कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि या साइबर घटना की तुरंत संबंधित प्राधिकरणों को रिपोर्ट करें और सभी संबंधित एजेंसियों के साथ करीब से तालमेल बनाए रखें। इन प्राधिकरणों में भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया दल भी शामिल है। केंद्रीय वित्त मंत्री सक्रिय कार्रवाई की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने बैंकों से अपनी आईटी प्रणाली को सुरक्षि करने, ग्राहकों के डाटा की रक्षा करने और वित्तीय संसाधनों की सुरक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठाने का आग्रह किया। बैंकों, भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया दल और अन्य संबंधित एजेंसियों के बीच रियल टाइम खतरे की जानकारी साझा करने के लिए एक मजबूत तंत्र बनाया जा सकता है, ताकि उभरते खतरों की समय रहते पहचान हो सके और उन्हें बिना देरी पूरे तंत्र में साझा किया जा सके। अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के प्रबंध निदेशक और सीईओ शामिल हुए। कोटक इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज की एक रिपोर्ट के मुताबिक, एंथ्रोपिक का 'मिथोस' जैसे एआई मॉडल भारत के आईटी सेवा क्षेत्र की विकास के लिए व्यवधान का जोखिम पैदा कर सकते हैं।

# The Bonus Market Updates:

## गिरावट के साथ खुला घरेलू बाजार; सेंसेक्स 330 अंक टूटा, निफ्टी 24100 के नीचे




हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को बाजार गिरावट के साथ खुला। वहीं पिछले दिन गुरुवार को सेंसेक्स 852.49 अंकों की गिरावट के साथ 77,664 पर बंद हुई था, तो वहीं एनएसई निफ्टी 205.05 अंक फिसलकर 24,173.05 पर बंद हुआ था।कच्चे तेल की अस्थिर कीमतों और मजबूत अमेरिकी डॉलर के कारण रुपया लगातार पांचवें दिन कमजोर होकर 94.25 पर पहुंच गया। शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 24 पैसे गिर गया। पश्चिम एशिया में शांति वार्ता की संभावनाएं भी अनिश्चित हो गई हैं, जिसके चलते रुपया कमजोर हुआ। विश्लेषकों का कहना है कि अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम लागू होने के बावजूद, गुरुवार को अमेरिकी सेना द्वारा एक और ईरानी तेल टैंकर को जब्त करने के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही अनिश्चित बनी हुई है, जिससे गतिरोध और बढ़ गया है और दुनिया भर में ईंधन की कीमतों में अस्थिरता आई है।राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अमेरिकी सेना को उन छोटी ईरानी नौकाओं को "गोली मारकर नष्ट करने" का आदेश भी दिया है

## Happy Birthday Sachin: सचिन सचिन के नारों से गूंज उठता था मैदान अब तक सलामत हैं उनके ये बड़े रिकॉर्ड




मास्टर ब्लास्टर के नाम से मशहूर पूर्व भारतीय बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर आज अपना 53वां जन्मदिन मना रहे हैं। सचिन का जन्म 24 अप्रैल 1973 को हुआ था। सचिन ने अपने लंबे क्रिकेट करियर में कई रिकॉर्ड्स अपने नाम किया जो आज भी बरकरार हैं। भारतीय क्रिकेट में नई ऊर्जा भरने वाले पूर्व सलामी बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर आज अपना 53वां जन्मदिन मना रहे हैं। सचिन को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिए लंबा समय हो चला है, लेकिन अभी भी जब कभी उनकी झलक दिख जाती है तो पूरा स्टेडियम 'सचिन सचिन' के शोर से गूंज उठता है। क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन के भारत सहित दुनियाभर में करोड़ों फैंस हैं जो अपने चहेते क्रिकेटर को जन्मदिन की शुभमकामनाएं दे रहे हैं। सचिन भले ही अब प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में नहीं खेलते हैं, लेकिन उनके ऐसे कई रिकॉर्ड हैं जो अब तक कोई नहीं तोड़ सका है। सचिन ने अपने करियर में सभी प्रारूप मिलाकर कुल 100 शतक जड़े हैं। वह दुनिया के एकमात्र खिलाड़ी हैं जिन्होंने शतकों का शतक लगाया है। उनसे पीछे भारत के विराट कोहली हैं जो अब तक 85 शतक लगा चुके हैं, लेकिन सचिन और कोहली के बीच फासला 15 शतकों का है। तीसरे नंबर पर सचिन के जमाने में ही खेलने वाले पूर्व ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज रिकी पोंटिंग हैं जिन्होंने 71 शतक लगाए हैं। भारत के लिए 200 टेस्ट मैच खेलने वाले सचिन ने खेल के इस लंबे प्रारूप में 15921 रन बनाए हैं जो एक रिकॉर्ड है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दुनिया का अन्य कोई बल्लेबाज टेस्ट में 14000 रन के आंकड़े को भी नहीं छू सका है,

## MS Dhoni: अभी पूरी तरह फिट नहीं हो सके हैं धोनी क्या इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर होगी वापसी? कोच ने किया स्पष्ट




महेंद्र सिंह धोनी आईपीएल 2026 में अब तक एक भी मुकाबला नहीं खेले हैं। उनकी चोट को लेकर सीएसके के बल्लेबाजी कोच माइकल हसी ने बड़ी जानकारी दी है। हसी ने बताया है कि धोनी अभी भी पूरी तरह फिट नहीं हो सके हैं। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) का गुरुवार को मुंबई इंडियंस से सामना हुआ। इस मैच में भी महेंद्र सिंह धोनी खेलने नहीं उतरे जिससे फैंस को एक बार फिर निराशा मिली। धोनी को लेकर कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने टॉस के दौरान कोई जानकारी नहीं दी। लेकिन टीम के बल्लेबाजी कोच माइकल हसी ने स्पष्ट किया है कि धोनी अब तक पूरी तरह फिट नहीं हैं जिस कारण वह मैदान पर नहीं उतरे हैं। सीएसके की टीम आईपीएल 2026 में लीग चरण के अपने आधे मुकाबले खेल चुकी है। सीएसके ने वानखेड़े स्टेडियम पर खेले गए मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए बड़ी जीत दर्ज की, लेकिन 44 वर्षीय धोनी इस मैच में भी नहीं खेले। धोनी ने मौजूदा आईपीएल सीजन में एक भी मैच नहीं खेला है। टूर्नामेंट की शुरुआत से पहले ही वह चोटिल हो गए थे और अब तक वापसी नहीं कर सके हैं। हसी ने साफ किया कि जब भी धोनी अपनी पिंडली की चोट से उबरकर लौटेंगे तो वह विकेटकीपर के तौर पर ही अपनी जिम्मेदारी संभालेंगे, न कि सिर्फ एक इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर खेलेंगे। वह अभी भी उस चोट से उबर रहे हैं जिसकी वजह से 28 मार्च को उन्हें शुरू में दो हफ्ते के लिए टीम से बाहर होना पड़ा था। ऐसी अटकलें लगाई जा रही थीं

## MI Vs CSK: मुंबई इंडियंस के खिलाफ सर्वाधिक जीत दर्ज करने वाली टीम बनी सीएसके पंजाब के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा



चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल 2026 के मुकाबले में मुंबई इंडियंस को एकतरफा अंदाज में हराया। मुंबई की टीम इस मैच में कहीं भी सीएसके को चुनौती नहीं दे सकी और उसे रनों के अंतर से आईपीएल में अपनी सबसे बड़ी हार का सामना करना पड़ा। आईपीएल 2026 के 33वें मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मुंबई इंडियंस को 103 रनों से रौंदा। वानखेड़े स्टेडियम पर मिली धमाकेदार जीत के साथ ही सीएसके आईपीएल में मुंबई इंडियंस के खिलाफ सर्वाधिक जीत दर्ज करने वाली टीम बन गई है। इतना ही नहीं, ये आईपीएल में सीएसके की रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत है। चेन्नई सुपर किंग्स ने गुरुवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ 40वें मुकाबले में 19वीं जीत हासिल की। ऋतुराज गायकवाड़ की कप्तानी में सीएसके ने पंजाब किंग्स का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। पंजाब किंग्स ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 35 मुकाबलों में 18 जीत दर्ज की है। वहीं, इस सूची में तीसरे स्थान पर दिल्ली कैपिटल्स हैं जिन्होंने मुंबई के खिलाफ 38 मैचों में 17, आरसीबी ने 35 मैचों में 16 और राजस्थान रॉयल्स ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 31 मैचों में 15 जीत दर्ज की है। मैच की बात करें तो चेन्नई सुपर किंग्स से मिले 208 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई इंडियंस की पूरी टीम 19 ओवर में 104 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। ये रनों के लिहाज से मुंबई की आईपीएल में सबसे बड़ी हार है। उससे इससे पहले राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 2013 में 87 रनों से हार का सामना करना पड़ा था जो रनों के अंतर से मुंबई की सबसे बड़ी हार थी।

## RCB vs GT Playing 11: जोश हेजलवुड को प्लेइंग-11 में मौका देगी आरसीबी? जानें गुजरात में बदलाव की कितनी संभावना




RCB vs GT Playing 11 Today Prediction: रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और गुजरात टाइटंस की टीम शुक्रवार को जब आईपीएल के मैच में आमने-सामने होगी तो उनका लक्ष्य बल्लेबाजी में बेहतर प्रदर्शन करना होगा। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और गुजरात टाइटंस के बीच 24 अप्रैल को आईपीएल 2026 का 34वां मैच खेला जाएगा। यह मुकाबला एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में शुक्रवार को होगा। मौजूदा चैंपियन आरसीबी ने अपने शुरुआती दो मुकाबलों में सनराइजर्स हैदराबाद और चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ जीत दर्ज की। इसके बाद उसे राजस्थान रॉयल्स के हाथों शिकस्त झेलनी पड़ी। अगले दो मुकाबले मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जाएंट्स के विरुद्ध जीतने के बाद इस टीम को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। इस सीजन में अपने घर पर पहली हार का सामना करने के बावजूद आरसीबी आईपीएल 2026 की बेहतरीन टीमों में से एक रही है। यह टीम एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में अपने आखिरी घरेलू मैच में जोरदार वापसी करने का लक्ष्य रखेगी। इस मैच के बाद उन्हें अपने लीग-चरण के बाकी दो घरेलू मैच रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेलने हैं। मौजूदा चैंपियन आरसीबी को यह बात अच्छी तरह से पता होगी कि गुजरात टाइटंस के खिलाफ कमजोर प्रदर्शन से उसकी मुश्किलें बढ़ सकती हैं क्योंकि उसे अब अपने अधिकतर मैच विरोधी टीम के मैदान पर खेलने हैं। दूसरी ओर, पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स खिलाफ लगातार दो मुकाबले गंवाने


## IPL 2026: 32 मैचों में अबतक लगे हैं चार शतक इनमें से तीन भारतीय इस टीम के दो बल्लेबाज जड़ चुके हैं सैकड़ा



आईपीएल 2026 का सीजन जारी है और इसमें अब तक 32 लीग मुकाबले खेले जा चुके हैं। इनमें से कई मुकाबले बेहद करीबी रहे हैं। मौजूदा सीजन में अब तक चार बल्लेबाजी ही शतक लगा सके हैं। आइए जानते हैं इनके बारे में आईपीएल 2026 में अब तक 32 मुकाबले खेले जा चुके हैं। इस दौरान चार बल्लेबाजों ने शतक लगाए हैं, जिनमें एक-एक खिलाड़ी सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके), जबकि दो खिलाड़ी मुंबई इंडियंस से हैं। आईपीएल में इस बार भी बड़े स्कोर बनते दिख रहे हैं और सभी टीमें प्लेऑफ के लिए जोर लगा रहे हैं। संजू सैमसन: चेन्नई सुपर किंग्स के विकेटकीपर बल्लेबाज ने बतौर ओपनर 11 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के विरुद्ध 56 गेंदों में 4 छक्कों और 15 चौकों के साथ 115 रन की नाबाद पारी खेली थी। उनकी विस्फोटक बल्लेबाजी के साथ सीएसके ने दो विकेट खोकर 212 रन बनाए। इसके जवाब में दिल्ली कैपिटल्स 189 रन पर सिमट गई। सीएसके ने मुकाबला 23 रन से अपने नाम किया था। रोहित शर्मा की गैरमौजूदगी में क्विंटन डिकॉक को 16 अप्रैल को पंजाब किंग्स के खिलाफ खेले गए मुकाबले में मुंबई इंडियंस की प्लेइंग इलेवन में बतौर सलामी बल्लेबाज मौका मिला था। इस सीजन के अपने पहले ही मैच में क्विंटन ने 60 गेंदों में सात छक्कों और आठ चौकों के साथ 112 रन की नाबाद पारी खेली जिसकी मदद से एमआई ने छह विकेट खोकर 195 रन बनाए। हालांकि, डिकॉक की यह पारी भी टीम को जीत नहीं दिला सकी थी और पंजाब ने 16.3 ओवर में तीन विकेट पर 198 रन बनाकर मैच अपने नाम किया था। मुंबई इंडियंस (एमआई) की टीम 20 अप्रैल को गुजरात टाइटंस (जीटी) के विरुद्ध 96 के स्कोर तक अपने 4 विकेट गंवा चुकी थी। यहां से तिलक वर्मा ने 45 गेंदों में 7 छक्कों और 8 चौकों के साथ नाबाद 101 रन की पारी खेलते हुए टीम को 199/5 के स्कोर तक पहुंचाया। इसके जवाब में जीटी 15.5 ओवरों में महज 100 रन पर सिमट गई। एमआई ने मुकाबला 99 रन से अपने नाम किया। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 21 अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से खेलते हुए दिल्ली कैपिटल्स के विरुद्ध 68 गेंदों में नाबाद 135 रन बनाए थे। इस दौरान उनके बल्ले से 10 छक्के और इतने ही चौके निकले। अभिषेक की इस पारी के दम पर सनराइजर्स ने दो विकेट खोकर 242 रन बनाए। इसके जवाब में दिल्ली कैपिटल्स निर्धारित ओवरों में नौ विकेट खोकर 195 रन ही बना सकी। सनराइजर्स ने इस तरह मुकाबला 47 रन से अपने नाम कर लिया था।


BOOK YOUR ADVERTISEMENT
+91 7088120612


PlanetC Technology
Digital Payment Instant Solution
इस 2025 शुरू करे अपनी Fintech Company और बनाएँ
अपना खुद का Multi Recharge Software
ADMIN PANEL
API PANEL
आपका भरोसा, हमारी पहचान PlanetC Technology सदा आपके साथ
Software / Api Panel / All other Validation
B2B B2C Software | AEPS DMT Software | White Lebal Software | HRMS Software | Multi Recharge Software
| CRM Software | School Software | News Software | Inventory Software | Ecommerce Software
Rs.60,000
मात्र
Rs. 50,000
Account Opening
DMT (MoneyTransfer)
DTH Recharge
AEPS
CMS Service
Fastag Recharge
Insurance
Utility Bills
Postpaid Recharge
PlanetC Technology की विश्वसनीय वित्तीय सेवाओं का लाभ उठाएं
और अपने जीवन को बेहद सरल बनाएं।
MORE INFORMATION
www.pctpay.com
+91 7088120300
Follow us on:/


PLANET NEWS
WE ARE HIRING!
We are looking for
Graphic Designer & Video Editor
News Anchor
News Reporter
APPLY NOW
Mail your resume to info@planetnewsindia.com
+91-7088120300
www.planetnewsindia.com


Book Your
AD Here
ADS
+91 7088120612


PlanetC Technology
Digital Payment Instant Solution
WE ARE
HIRING
FOR FIELD SALES & MARKETING
VACANCY
OPEN POSITION
Field sales executive
Field sales officer
Team leader
APPLY NOW
Send your CV to:
hr@planetctechnology.com
B-9, Gayatri Bhawan, Vikram Colony Ramghat Road Aligarh, Uttar Pradesh, 202001


PlanetC Technology
Digital Payment Instant Solution
Follow us on:/
DIGITAL INDIA के ज़माने में
बढ़ाएं अपनी इनकम
MULTI RECHARGE SOFTWARE
के साथ...
साथ में मिलेगी ये सुविधाएं...
Mobile Recharge
DTH Recharge
Bill Payment
Pan Card
BBPS Service
Money Transfer
AEPS Cash Withdrawal
SPECIAL OFFER
Rs.60,000
मात्र
Rs. 40,000
MORE INFORMATION
www.pctpay.com
+91 7088120900


Book Your
AD Here
ADS
+91 7088120612